

आज के परमाणु हथियार

आज, नौ देशों के पास कई हज़ारों परमाणु हथियार हैं, जो हर जगह लोगों के लिए एक अनोखा अस्तित्वगत खतरा पैदा करते हैं। उनमें से कई सैकड़ों उच्च सतर्कता (हाई अलर्ट) पर रखे गए हैं, जो मिनटों में उपयोग के लिए तैयार हैं।

वे मिसाइल गोदामों (साइलो) में, विमानों में और हर समय महासागरों में गश्त कर रही पनडुब्बियों पर हैं। कुछ अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए महाद्वीपों के पार हजारों किलोमीटर की यात्रा कर सकते हैं।

इनमें से अधिकांश बमों की विस्फोटक क्षमता परमाणु युग की शुरुआत में हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए बमों से कहीं अधिक है। सबसे बड़े बम पारंपरिक रासायनिक विस्फोटक टीएनटी के दस लाख टन यानी एक मेगाटन के बराबर शक्ति के होते हैं। यहाँ तक कि तथाकथित "सामरिक" परमाणु हथियार, जिन्हें युद्ध के मैदान में उपयोग के लिए बनाया गया है, उनकी विस्फोटक क्षमता हिरोशिमा बम से २० गुना अधिक हो सकती है।

एक परमाणु-सशस्त्र पनडुब्बी एक दर्जन या उससे अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें ले जा सकती है, जिनमें से प्रत्येक में कई परमाणु हथियार लगे होते हैं, और उनकी संयुक्त क्षमता एक सौ से अधिक शहरों को नष्ट करने की होती है।

जिन सैन्य ठिकानों के पास परमाणु हथियार तैनात हैं, वहां रहने वाले लोगों को परमाणु हमले का शिकार होने या दुर्घटनावश परमाणु विस्फोट से नुकसान होने का विशेष रूप से अधिक ख़तरा होता है। सरकारी गोपनीयता के कारण, इनमें से कुछ लोगों को हथियारों से अपनी निकटता के बारे में पता भी नहीं हो सकता है।

परमाणु हथियार वाले देश

आज नौ देशों के पास परमाणु हथियार हैं: संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, भारत, पाकिस्तान, इजरायल और उत्तर कोरिया। रूसी और अमेरिकी परमाणु शस्त्रागार सबसे बड़े हैं।

अधिकांश परमाणु हथियार केवल भंडारण में नहीं हैं। उन्हें सक्रिय रूप से तैनात किया गया है – किसी भी समय उपयोग के लिए तैयार – और सरकारें "आधुनिकीकरण" की आड़ में अपने शस्त्रागार को बढ़ाने और विस्तारित करने के लिए महंगे कार्यक्रमों में लगी हुई हैं।

कुछ परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र नए प्रकार के परमाणु हथियार विकसित कर रहे हैं, उनकी डिलीवरी के लिए नई प्रणालियों का परीक्षण कर रहे हैं और संभावित परमाणु उपयोग के लिए अपने रणनीतियों का विस्तार कर रहे हैं। सभी अनिश्चित काल के लिए अपने परमाणु बलों को बनाए रखने के इरादे से प्रतीत होते हैं।

प्रसार संबंधी चिंताएँ

परमाणु-सशस्त्र राष्ट्रों का निरस्त्रीकरण न करना इस जोखिम को बढ़ा देता है कि और अधिक देश या गैर-सरकारी संस्थान एक दिन परमाणु हथियार हासिल कर लेंगे। निरस्त्रीकरण में प्रगति करना उनके प्रसार को रोकने के लिए अनिवार्य है।

यद्यपि प्रसार से बचाव के लिए महत्वपूर्ण उपाय लागू किए गए हैं, लेकिन इन उपायों की प्रभावशीलता की गारंटी नहीं दी जा सकती है। कोई भी देश जो यूरेनियम को समृद्ध करने या प्लूटोनियम का उत्पादन करने के लिए उपयोग किए गए परमाणु ईंधन को फिर से संसाधित करने में सक्षम है, सैद्धांतिक रूप से, कुछ ही महीनों में परमाणु हथियार विकसित कर सकता है।

दक्षिण अफ़्रीका, इज़राइल, भारत, पाकिस्तान और उत्तर कोरिया सभी ने कथित तौर पर "शांतिपूर्ण उद्देश्यों" के लिए बनी सुविधाओं और सामग्रियों का उपयोग करके परमाणु हथियार हासिल किए, जो परमाणु ऊर्जा कार्यक्रमों में अंतर्निहित प्रसार के ख़तरों को रेखांकित करता है।

केवल कुछ किलोग्राम अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम या अलग किया गया प्लूटोनियम एक परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त हैं। आज, वैश्विक भंडार में इन सामग्रियों के सैकड़ों टन मौजूद हैं, और अधिक का उत्पादन किया जा रहा है। निरस्त्रीकरण के सफल होने के लिए, इस समस्या का समाधान करना आवश्यक है।

सहभागी राष्ट्र

हालाँकि केवल नौ देशों के पास परमाणु हथियार हैं, ३० से अधिक अन्य देश उनके प्रतिधारण और संभावित उपयोग का समर्थन करते हैं, जिसमें एक सहयोगी के तथाकथित "परमाणु छत्र" से सुरक्षा का दावा भी करते हैं।

उदाहरण के लिए, उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सभी सदस्यों ने सार्वजनिक रूप से परमाणु हथियारों का समर्थन किया है। कई देशों में – बेल्जियम, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड और तुर्किये सहित – अमेरिकी परमाणु बमों को अपने क्षेत्रों में रखा गया है, और उन्हें गिराने के लिए आवश्यक विमान और कर्मियों की व्यवस्था की जाती है। बेलारूस ने रूस के साथ इसी तरह की मेजबानी की व्यवस्था की है।

कुछ राष्ट्र परमाणु निशाना लगाने के उद्देश्य से खुफिया जानकारी साझा करते हैं, या परमाणु-सशस्त्र जहाजों को अपने जलक्षेत्र से होकर अपने बंदरगाहों में लंगर डालने की अनुमति देते हैं, या परमाणु-सशस्त्र विमानों को अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने और अपने हवाई अड्डों पर ईंधन भरने की अनुमति देते हैं।

मिलीभगत के ऐसे सभी कृत्य परमाणु खतरों को बढ़ावा देते हैं और निरस्त्रीकरण के प्रयासों को कमजोर करते हैं।

जर्मनी में प्रदर्शनकारी एक सैन्य अड्डे की नाकाबंदी करते हुए जहां अमेरिकी परमाणु बम रखे गए हैं।
साभार: राल्फ श्लेसनर

सन् 2023 में एक सैन्य परेड में एक रूसी परमाणु मिसाइल। साभार: रूसी सरकार

एक संग्रहालय में प्रदर्शित अमेरिकी परमाणु मिसाइलें। साभार: अमेरिकी सरकार